-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस-विज्ञप्ति - Press Release** **08 मई, 2019 - 8 May, 2019**

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

# सिडबी एवं अग्रणी ब्यूरो इक्विफैक्स द्वारा माइक्रोफाइनांस पर अपनी तरह के प्रथम तिमाही न्यूज़लेटर 'माइक्रोफाइनांस पल्स' का शुभारंभ

## SIDBI and leading bureau Equifax launches a first-of-its-kind microfinance quarterly newsletter – Microfinance Pulse

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) और इक्विफैक्स ने माइक्रोफाइनांस क्षेत्र में उधारियों के स्वरूप को चिह्नित करने के लिए अपनी तरह के प्रथम न्यूज़लेटर "माइक्रोफाइनांस पल्स" के शुभारंभ हेतु भागीदारी की। इस न्यूज़लेटर के प्रथम संस्करण में रिपोर्ट किया गया है कि गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी - अल्पवित्त संस्थाओं (एनबीएफसी-एमएफआई) ने वित्तवर्ष 2018-19 की तीसरी तिमाही (वि.व.19 -तीसरी तिमाही) में 38% की बाजार-हिस्सेहारी के साथ अपने वर्चस्व को कायम रखा है। इस उद्योग विशेष में यथा वित्तवर्ष 2019 की तीसरी तिमाही की समाप्ति पर सकल ऋण संविभाग रु. 1,57,644 करोड़ रहा, जिसमें तिमाही दर तिमाही 7% की संवृद्धि दर्ज़ हुई।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI) and Equifax, collaborated to launch a first-of-its-kind newsletter "Microfinance Pulse" to track the lending trends in the microfinance sector. The first edition of the newsletter reported that Non-Banking Financial Company – Microfinance Institutions (NBFC-MFIs) continue to maintain their market dominance with the market share of 38% in third quarter of financial year 2018-19 (Q3-FY19). Gross Loan Portfolio (GLP) for the industry stood at Rs. 1,57,644 crore as at end Q3-FY19, registering a quarter-on-quarter (Q-o-Q) growth of 7%.

न्यूज़लेटर के शुभारंभ के अवसर पर, सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि "यह न्यूज़लेटर सिडबी और इक्विफैक्स के मध्य व्यापक सहयोजन का परिणाम है। यह प्रकाशन, हाल के दिनों में माइक्रोफाइनांस क्षेत्र में हुए सभी प्रकार के घटनाक्रमों के संग्रह-कोष के अतिरिक्त, भविष्य की संभावनाओं पर विचार करने के लिए यथेष्ठ अवसर प्रदान करेगा। मुझे उम्मीद है कि नीति-निर्माताओं और

अल्पवित्त क्षेत्र में सक्रिय व्यवसायिकों के लिए यह न्यूज़लेटर एक महत्वपूर्ण संदर्भ-बिंदु का कार्य करेगा और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इससे पाठकों को मूल्यवान जानकारी मिलेगी।"

On the launch of the newsletter, Shri. Mohammad Mustafa, IAS, Chairman & Managing Director, SIDBI said, "This newsletter is the result of the great synergy between SIDBI and Equifax. The publication will give an opportunity to look into the future prospects apart from being a repository of al that has taken place in the microfinance sector in the recent past. I hope the newsletter will act as an important reference point for the policy makers and practitioners in the microfinance sector and trust that the effort will bring value to the readers."

**श्री के.एम. नानैया, प्रबंध निदेशक**, इक्विफैक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज लिमिटेड और कंट्री लीडर, इक्विफैक्स इंडिया एवं मिडिल ईस्ट और अफ्रीका ने कहा कि "वर्षों से, देश में अग्रणी माइक्रोफाइनेंस ब्यूरो के रूप में इक्विफैक्स ने माइक्रोफाइनेंस उद्योग के साथ काम किया है ताकि उन्हें हामीदारी मानकों के उच्च स्तर बनाए रखने में मदद मिल सके। अब सिडबी के साथ साझेदारी में इक्विफैक्स, भारतीय माइक्रोफाइनेंस उद्योग में रुझानों पर अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए एक त्रैमासिक न्यूज-लेटर "माइक्रो पल्स" लेकर आया है, जिसमें संवितरण से लेकर ऋण-शोधन-विफलता तक एवं उच्च वृद्धि वाले राज्यों से उच्च ऋण श्रेणियों तक की चर्चा की गयी है। यह डेटा एक लाइटहाउस के रूप में काम करेगा, जो माइक्रोफाइनेंस उद्योग और नीति निर्माताओं को ऋण चक्र के उच्चतम एवं निम्नतम बिन्दुओं के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान करेगा, इस प्रकार आगे उत्तरदायित्वपूर्ण वित्तपोषण को बढ़ावा देगा।"

Shri K.M. Nanaiah, Managing Director, Equifax Credit Information services Ltd. and Country Leader, Equifax India and Middle East and Africa said, "Over the years, Equifax, as the leading Microfinance bureau in the country, has worked with the MFI industry to help them maintain high levels of underwriting standards. Now, with its partnership with SIDBI, Equifax brings a quarterly newsletter "Microfinance Pulse" to provide insights on trends in Indian Microfinance industry – from disbursements to delinquencies, from top growing states to top loan categories. This data will act as a lighthouse helping the microfinance industry and policymakers navigate through crests and troughs of lending cycle, thus further promoting responsible lending."

न्यूज-लेटर के उल्लेखनीय बिंदु Key newsletter highlights:

1. पिछले वित्त वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही के अंत तक सक्रिय ऋणों की कुल संख्या 8.22 करोड़ थी, जो 24% की वृद्धि दर्शाती है।
The total number of active loans as at end Q3-FY19 were 8.22 crore showing a growth of 24% over as compared to the previous financial year.

2. बैंक ऋण का औसत आकार रु.40,434 है जो कि उच्चतम है जबकि एनबीएफसी-एमएफआई का ऋण आकार रु 25,891 जो कि न्यूनतम है।
Average ticket size of bank loan is highest at Rs. 40,434 whereas NBFC-MFIs loan being lowest at Rs.25,891.

3.	वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में एनबीएफसी के लिए 2.5% के स्तर पर 30+ की ऋण-शोधन-विफलता उद्योग में सर्वाधिक है।

30+ delinquency for NBFCs at 2.5% is the highest in the industry in Q3-FY19.

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्त-वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही से वित्त-वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही तक संवितरित ऋणों की संख्या में लगभग 13% की वृद्धि है। 30,000-40,000 ऋण श्रेणियों के अंतर्गत वित्त-वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में वितरित किए गए 18 लाख ऋणों की तुलना में वित्त-वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में 29 लाख ऋणों के संवितरण के साथ सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है। वित्त-वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही की तुलना में वित्त-वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में हुए सवितरणों में तिमाही-प्रति-तिमाही तुलनात्मक आधार पर 56% की बढ़ोत्तरी हुई है।

The reports also observed increase in the number of loans disbursed is approximately 13% from Q3-FY18 to Q3 FY19. 30,000-40,000 loan categories have witnessed the highest increase from 18 lakh loans disbursed in Q3-FY18 to 29 lakh loans disbursed in Q3-FY19, the disbursements have increased by 56% on a Q-o-Q basis from Q3-FY18 to Q3-FY19.

'माइक्रोफाइनेंस पल्स', सिडबी और इक्विफैक्स का एक संयुक्त न्यूज़-लेटर है, जिसका उद्देश्य भारतीय माइक्रोफाइनेंस उद्योग में संवितरणों से लेकर ऋण-शोधन-विफलता व वृद्धिशील शीर्ष राज्यों और शीर्ष ऋण श्रेणियों के अंतर्गत रुझानों के संबंध में अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।

Microfinance Pulse, a joint newsletter by SIDBI and Equifax, aims to provide insights on trends in Indian Microfinance industry – from disbursements to delinquencies to top growing states and top loan categories.

**सिडबी के बारे में :** 1990 में अपने गठन के बाद से, सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता रहा है। चाहे वह पारंपरिक घरेलू उद्योग हों, लघु, पिरामिड के निचले स्तर के उद्यमी हों, मध्यम उद्यम से ले कर उच्च ज्ञान आधारित उद्योग हों और निर्यात संवर्द्धन तक के उद्यम हो, सिडबी ने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से 360 लाख से अधिक लोगों के जीवन को विभिन्न क्रेडिट और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सहायता प्रदान की है।

**About SIDBI:** Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional domestic industry, small units, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, medium enterprises to high-end knowledge-based industries and export promotions, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of more than 360 lakh people through various credit and developmental measures.

कृपया अधिक जानकारी के लिए https://www.sidbi.in/ पर जाएँ ।
For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

**इक्विफैक्स के बारे में:** इक्विफैक्स एक वैश्विक सूचना समाधान कंपनी है जो अनन्य डेटा, नवोंन्मेषी एनालिटिक्स, प्रौद्योगिकी और उद्योग विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए ज्ञान को अंतर्दृष्टि में परिवर्तित करके अधिक जानकारी के साथ व्यापार करने और व्यक्तिगत निर्णय लेने के लिए दुनिया भर के संगठनों और व्यक्तियों को सशक्त बनाती है। इक्विफैक्स अटलांटा, गा. में अवस्थित अपने मुख्यालय से उत्तरी अमेरिका, मध्य और दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया प्रशांत क्षेत्र में 24 देशों में परिचालन अथवा निवेश करती है। यह स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एस एंड पी) 500® इंडेक्स का सदस्य है और इसके सामान्य स्टॉक का क्रय-विक्रय ईएफएक्स चिह्न के तहत न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (एनवाईएसई) में होता है। इक्विफैक्स के लगभग 11,000 कर्मचारी दुनिया भर में नियोजनरत हैं।

**About Equifax:** Equifax is a global information solutions company that uses unique data, innovative analytics, technology and industry expertise to power organisations and individuals around the world by transforming knowledge into insights that help make more informed business and personal decisions. Headquartered in Atlanta, Ga., Equifax operates or has investments in 24 countries in North America, Central and South America, Europe and the Asia Pacific region. It is a member of Standard & Poor's (S&P) 500® Index and its common stock is traded on the New York Stock Exchange (NYSE) under the symbol EFX. Equifax employs approximately 11,000 employees worldwide.

अधिक जानकारी के लिए Equifax.com पर जाएँ और ट्विटर तथा लिंक्डइन पर कंपनी के बारे में समाचारों पर नज़र रखें।

For more information, visit Equifax.com and follow the company's news on Twitter and LinkedIn.

**मीडिया संपर्क :** नीलाश्री बर्मन (मोबाइल ) +91 8879760249 , ई-मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in